ओडीओपी की तरह मिशन शक्ति भी बनेगा देश में मॉडल : योगी

प्रदेश की 75 हजार महिलाओं को उद्यमी बनाने का महाअभियान शुरु

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना की तरह मिशन शक्ति अभियान भी देश के लिए मॉडल बनेगा। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में महिलाएं असुरक्षित व असहाय महसूस करती थीं। वहीं साढ़े चार साल के शासन में प्रदेश सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा, सहायता व सम्मान के साथ रोजगार उपलब्ध कराकर स्वावलंबी बनाया है।

यहां लोक भवन में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी 75 जिलों की 75 हजार महिलाओं को उद्यम से जोड़ने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही महिला उद्यमियों के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-212-6844, वेबसाइट और मोबाइल एप लॉन्च किया। ओडीओपी योजना के तहत चिन्हित उत्पादों पर आधारित डाक टिकट व विशेष कवर का विमोचन भी किया।

लोकभवन में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रशिक्षण किट वितरित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। *- अमर उजाला*

सरकार दिलाएगी आसान किस्तों पर ऋण

- मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए बैंकों से आसान किस्तों पर ऋण दिलाएगी। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड में महिला स्वयं सहायता समूहों की दुग्ध उत्पादक कंपनियां अच्छा काम कर रही हैं। इसी तरह प्रदेश के अन्य हिस्सों में महिलाएं अपनी कंपनी खोल सकती हैं। रेडिमेड वस्त्र बनाने सहित अन्य कारोबार से जुड़ सकती हैं।
- उन्होंने कहा कि एमएसएमई विभाग ने 75 हजार महिलाओं को उद्यम से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू किया है। यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बड़ा सहायक सिद्ध होगा।

महिला सुरक्षा का जिम्मा महिलाओं के हाथ

सीएम ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अच्छे परिणाम मिले हैं। महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार ने पुलिस में 20 फीसदी पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए हैं। प्रदेश में अब 30 हजार से अधिक महिला आरक्षी हैं। 20 हजार से अधिक महिला आरक्षियों को बीट पुलिस के रूप में फील्ड की जिम्मेदारी दी गई है।

गरीबों का राशन उड़ाने वाला जाएगा जेल

सीतापुर। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सीतापुर की एक जनसभा में पूर्व की बसपा व सपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में गरीबों को मिलने वाला राशन सैफई चला जाता था। बहनजी के हाथी का पेट इतना बड़ा था कि सारा राशन वही खा जाता था, लेकिन भाजपा सरकार में ऐसा नहीं है। अब गरीबों का राशन खाने वाला जेल जाएगा। वहीं सपा नेता आजम खां का नाम लिए बगैर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जेल में भी बिजली मिल रही है। सीतापुर हो या रामपुर, हम सबको बिजली दे रहे हैं। किसी के साथ हमारी सरकार भेदभाव नहीं कर रही है। संवाद >> संबंधित पेज 3